भा.कृ.अनु.प.-राष्ट्रीय पादप आनुवंशिक संसाधन ब्यूरो, क्षेत्रीय केंद्र हैदराबाद

भा.कृ.अनु.प.-राष्ट्रीय पादप आनुवंशिक संसाधन ब्यूरो का हैदराबाद क्षेत्रीय कार्यालय राजभाषा के 'ग' क्षेत्र में आता है। इस कार्यालय में वर्ष 2022-23 में हिंदी की चार तिमाही बैठकें क्रमशः दिनांक 20.04.2022, 23.08.2022, 14.11.2022 एवं 14.02.2023 को आयोजित की गई , जिनमे केंद्र के सभी कार्मिकों ने भाग लिया । इनमें से 14.02.2023 की बैठक में ब्यूरो के मुख्य प्रशासनिक अधिकारी (वरिष्ठ ग्रेड), श्री पी. के . जैन और राजभाषा के उपनिदेशक , श्री अशुतोष कुमार ने भी भाग लिया और दिशा निर्देशन किया । सभी बैठकों में हिंदी के प्रोत्साहन एवं प्रचार-प्रसार हेतु चर्चाएँ की गयी एवं अधिकतम कार्य हिंदी में करने हेतु निर्णय लिए गए । वर्ष 2022-23 में हिंदी की तीन कार्यशालाएं दिनांक 23.08.2022, 14.11.2022 एवं 14.02.2023 को आयोजित की गई, जिनमे केंद्र के सभी कर्मचारियों को हिन्दी में प्रवीणता प्राप्त रखने के लिए कोशिश जारी करने के बारे में बताया गया।

केंद्र में दिनांक 14.09.2022 को हिंदी दिवस का आयोजन किया गया था और उस दिन कार्यक्रम की शुरुआत में प्रभारी अधिकारी के साथ-साथ अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी गणों ने भाग लिया | प्रभारी अधिकारी, डॉ अनिता कोडारु ने हिंदी की उपयोगिता के बारें में अवगत कराया और सभी को हिंदी में कार्य करने हेतु प्रोत्साहित किया। इस दौरान कई प्रतियोगिताएं आयोजित की गई, जैसे कविता पाठन, अंग्रेजी-हिंदी अनुवाद, हिंदी-अंग्रेजी अनुवाद आदि, जिसमे केंद्र के सभी कर्मचारियों ने भाग लिया। इस अवसर पर प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार वितरित किए गए ।